आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 15 अप्रैल 2025, समय 1810 (10 मिनट)

- हरियाणा विधान सभा कल से 13 देशों के 28 सदस्यीय शिष्टमंडल के अध्ययन दौरे की मेजबानी करेगी।
- राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कहा है कि मुस्लिम समुदाय के हितों को लेकर गंभीर हैं।वक्फ संशोधन अधिनियम से पिछड़े वर्ग के मुसलमानों व मुस्लिम महिलाओं को लाभ मिल सकेगा।
- सर्वोच्च न्यायालय ने देश में बाल तस्करी से जुड़े अपराधों की रोकथाम और त्वरित सुनवाई के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए।
- जींद जिले की मंडियों में गेहूं की खरीद सुचारू रूप से जारी।
- हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने आज अम्बाला छावनी की अनाज मंडी में "अटल किसान मजदूर कैंटीन" का उद्घाटन किया।

*****************************************************************

हरियाणा विधान सभा कल से पहली बार 13 देशों के 28 सदस्यीय शिष्टमंडल के अध्ययन दौरे की मेजबानी करेगी।विधानसभा के प्रवक्ता ने बताया कि शिष्टमंडल का भव्य स्वागत विधान परिसर में विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। इस शिष्टमंडल में शामिल सभी प्रतिनिधि विधि निर्माण के विशेषज्ञ हैं और वे विधान प्रारूपण में 36वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत चंडीगढ़ पहुंच रहे हैं। लोक सभा ने 16 से 21 अप्रैल तक 6 दिवसीय प्रशिक्षण की जिम्मेदारी हरियाणा विधान सभा सचिवालय को सौंपी है।इस शिष्टमंडल में 13 देशों के संसदीय व न्यायिक प्रणाली से जुड़े 28 उच्च अधिकारी शामिल रहेंगे।

*****************************************************************

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कहा है कि वक्फ संशोधन अधिनियम से पिछड़े वर्ग के मुसलमानों, मुस्लिम महिलाओं व बच्चों को भी वक्फ को लेकर संपत्ति का

लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हिसार में दिए वक्तव्य से स्पष्ट होता है कि मुस्लिम समुदाय के हितों को लेकर वह कितने गंभीर हैं।भिवानी में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए श्रीमती चौधरी ने कहा कि अब तक वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का सिर्फ 3 प्रतिशत प्रयोग होता था । अब वक्फ कानून की धारा -40 में संशोधन के बाद वक्फ संपत्तियों पर स्कूल, कॉलेज व कल्याणकारी संस्थाओं के निर्माण का रास्ता खुल गया है।

उन्होंने कहा कि हिसार हवाईअड्डे का निर्माण नागरिक उड्डयन क्षेत्र में हरियाणा की एक बड़ी उपलब्धि है।

श्रीमती चौधरी ने कहा कि ताशकंद में परमाणु शस्त्र नीति को लेकर दुनिया के सामने उन्होंने भारत का रुख रखा। दुनिया को बताया गया कि भारत की नीति वसुधैव कुटुंबकम की है ,भारत पहले परमाणु हथियार प्रयोग करने वाला देश नहीं बनेगा। श्रीमती किरण चौधरी कांग्रेस को लेकर पूछे सवालों के जवाब में हमलावर दिखी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अभी तक विधानसभा में विपक्ष के नेता नहीं चुन पाई है। उन्होंने भूपेंद्र सिंह हुडा का नाम लिए बगैर कहा कि एक नेता किसी को आगे नहीं आने देते आगे और शीर्ष नेतृत्व का भी उन पर नियंत्रण नहीं है।विनेश फौगाट को लेकर श्रीमती किरण चौधरी, ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पदक लाओ-पद पाओ की नीति से आगे ब▯क़र विनेश फौगाट को विकल्प दिए गए हैं।

*************************************************************

हिसार के महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से कल अयोध्या के लिए पहली उड़ान शुरू हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।हिसार से अयोध्या जाने वाली इस पहली उड़ान को लेकर हरियाणा हवाई अड्डा विकास निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जयदीप सिंह बल्हारा ने बताया की हवाई उड़ान शुरू होने को लेकर हिसार व आसपास के लोगों में काफी उत्साह है।

आकाशवाणी समाचार ने  हिसार हवाई अड्डे इस पहली उड़ान में सफर करने वाले यात्रियों से बातचीत की।

यात्रियों ने कहा कि यह उनके लिए बहुत बड़ा दिन है जब वह भगवान राम की जन्मभूमि पर हिसार से हवाई जहाज में जा रहे हैं।

*****************************************************************

सर्वोच्च न्यायालय ने देश में बाल तस्करी से जुड़े अपराधों की रोकथाम और त्वरित सुनवाई के लिए आज कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के बाल तस्करी मामले में आरोपियों द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश जारी किए। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की पीठ ने देश के उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया कि वे निचली अदालतों को निर्देश दें कि बाल तस्करी के मामलों की सुनवाई छह महीने में पूरी की जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि न्याय में देरी को रोकने के लिए ऐसे मामलों की सुनवाई प्रतिदिन की जाए।

*****************************************************************

जींद जिले की मंडियों में गेहूं की खरीद सुचारू रूप से जारी है। आज जींद की जुलाना मार्केट कमेटी की सचिव, श्रीमती प्रोमिला ने बताया कि जिले में कुल 25,687 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद कर ली गई है। सबसे अधिक खरीद सफीदों मंडी से हुई है। , जहां कुल 9,177 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी गई है ।उन्होंने बताया की जुलाना अनाज मंडी में अब तक दो लाख 90 हजार 41 क्विंटल की आवक हुई है। गेहूं की खरीद खाद्य एवं आपूर्ति विभाग एवं गोदाम निगम द्वारा की जा रही है।उन्होने बताया की जुलाना उप मंडल की नई अनाज मंडी के अलावा गांव शामलो कला एवं फतेहगढ़ में भी खरीद केंद्र स्थापित किए गए है।उन्होंने कहा कि सरकार के आदेशों की अनुपालना में किसानों की सुविधा के अनुसार मंडियों में सभी प्रबंध किए गए हैं। ताकि अपनी फसल को लेकर मंडी में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे मंडी में अपने निर्धारित क्रम अनुसार ही आएं, ताकि उनकी फसल की समय पर खरीद सुनिश्चित की जा सके।

*****************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री  अनिल विज ने आज अम्बाला छावनी की अनाज मंडी में "अटल किसान मजदूर कैंटीन" का शुभारंभ किया।इस कैंटीन में किसानों व मजदूरों को 10 रुपए में भोजन मिलेगा।

श्री विज ने कहा कि नई अनाज मंडी प्रदेश में ऐसी पहली अनाज मंडी है जो राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हैं। यहां पर किसानों के लिए विश्राम गृह की सुविधा भी उपलब्ध है।

उन्होंने बताया की कैंटीन में मिलने वाली  भोजन की थाली वास्तव में 25 रुपए की है , इस पर 15 रुपए की सब्सिडी होगी जिसकी अदायगी मार्केट कमेटी करेगी , किसान और मजदूर को यह 10 रुपए में मिलेगी।

*****************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से नशा मुक्त हरियाणा के संदेश लेकर शुरू की गई साइक्लोथॉन आज सुबह रोहतक से सोनीपत जिला के लिए रवाना हुई।रोहतक में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन कर साइक्लोथॉन को रवाना किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।यह यात्रा कुछ देर में सोनीपत जिले में प्रवेश करेगी।